

हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 281 | इंदौर, मंगलवार 23 अप्रैल, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## जय हनुमान ज्ञान गुण सागर...

# इंदौर में अंजनी पुत्र के जन्मोत्सव की धूम

## शहर के सभी छोटे-बड़े, नूतन और प्राचीन हनुमान मंदिरों में विशेष अनुष्ठान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में अंजनी पुत्र भगवान हनुमानजी के जन्मोत्सव की धूम चारों ओर सुबह से ही देखी जा रही है। मंदिरों में सुबह ही भक्तों का ताता लगना शुरू हो गया। सुबह 6 बजे भगवान की जन्मोत्सव आरती की गई। बड़ी संख्या में शामिल भक्तों ने भगवान का जयघोष किया। पूरे भक्तिभाव के साथ भक्तों ने हनुमानजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।**

शहर में आज श्रीराम के अनन्य भक्त, वायुपुत्र, अंजनीसुत, महाबल, रामेष्ट, फाल्गुन सखा, पिंगाक्ष, अमितविक्रम, उदधिक्रमण और सीतोशोकविना नाम से पूजे जाने वाले हनुमानजी का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। सनातन के कंठ से जो कुछ मंत्र सर्वाधिक गूंजते हैं, उनमें से एक अंजनीसुत हनुमान की स्तुति भी है। भक्तों के सामने चाहे मंदिर हो या न हो, हनुमानजी की प्रतिमा हो या न हो, मन में भय हो या आनंद हो, पूजन का क्षण हो या दुकान-प्रतिष्ठान पर बैठे-बैठे जाप करने का मन हो, सबके कंठ से यह गूंज उठता है...


**अतुलितबलधामं हेमशैलाभदेहं,**
**अनुजवनकृशानुं ज्ञानिनामग्रगण्यम्।**
**सकलगुणनिधानं वानराणामधीशं,**
**रघुपतिप्रियभक्तं वातजातं नमामि।**

**अर्थात** – अतुल बल के धाम, स्वर्ण के पर्वत के समान कांतियुक्त शरीर वाले, दैत्यरूपी वन के लिए अग्नि के स्वरूप, ज्ञानियों में अग्रगण्य, संपूर्ण गुणों के निधान, वानरों के स्वामी, श्री रघुनाथ जी के प्रिय भक्त पवनपुत्र श्री हनुमानजी को मैं प्रणाम करता हूं।

### भक्ति की धारा, छाई आस्था की सिंदूरी छटा

शहर भक्ति के उस रंग में रंगा नजर आ रहा है, जिनकी आराधना न केवल प्रभु से मिलवाती है बल्कि भक्ति के साथ-साथ शक्ति का संचार भी कर देती है। रूद्र के 11वें अवतार हनुमानजी के जन्मोत्सव पर शहर के सभी छोटे-बड़े, नूतन और प्राचीन हनुमान मंदिरों में विशेष अनुष्ठान हो रहे हैं।





मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव का विशेष संयोग आस्था, विश्वास और उमंग की सिंदूरी छटा लिए आया है। श्रीराम के भक्त के जन्मोत्सव पर कहीं भक्तों ने अपने आराध्य का स्वर्ण आभूषणों से श्रृंगार किया, तो कहीं काठियावाड़ी पोषाक भगवान को धारण करवाकर गुजराती व्यंजनों का भोग लगाया। सुबह अभिषेक कर 6 बजे मंदिरों में जन्म आरती की गई और फिर 56 भोग अर्पित किए जा रहे हैं। शाम को महाआरती के साथ ही शहर में कई स्थानों पर भंडारा भी होगा। कई मंदिरों में जन्मोत्सव अनुष्ठान की शुरुआत पहले ही हो चुकी है।

### सजा रणजीत हनुमान और वीर अलीजा का दरबार

शहर के पश्चिम क्षेत्र में स्थित रणजीत हनुमान मंदिर को गुजराती थीम, रंगमहल की तरह सजाया गया। मंदिर के बाहरी परिसर से लेकर भगवान के गर्भगृह के बाहर तक आकर्षक सजावट की गई। विभिन्न रंगों के कपड़ों से पूरे मंदिर परिसर को सजाया गया। भक्तों को दर्शन करने में परेशानी न हो इस बात का ध्यान रखते हुए जिक-जैक व्यवस्था की गई, साथ ही यहां कूलर, ठंडा पानी और शरबत की व्यवस्था भी की है। भक्तों के लिए तीन भजन मंडिलयां भी यहां दिनभर सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। रात करीब 11.30 बजे से रणजीत बाबा का श्रृंगार शुरू हुआ, जो सुबह करीब 4 बजे तक चला। बाबा को गुजराती आभूषण पहनाए जाएंगे। इसमें कान के, कंठा, हाथों में कड़े, मुकुट है।

### काठियावाड़ी पोशाक में रणजीत बाबा ने दिए भक्तों को दर्शन

मंदिर के मुख्य पुजारी पं.दीपेश व्यास ने बताया कि रणजीत बाबा के लिए काठियावाड़ी पोशाक तैयार की है। ये पोशाक गुजरात के अहमदाबाद के एक कलाकार कुणाल पटेल से तैयार करवाई गई है। पोशाक वहीं से बनकर यहां आई, जिसे यहां तैयार किया गया। इंदौर और गुजरात के कलाकारों ने संयुक्त रूप से इस पोशाक को तैयार किया है। काठियावाड़ी पोशाक में इस पोशाक पर पूरा हाथों से सुंदर काम किया है। साथ ही मंदिर परिसर में अन्य देवी-देवताओं का भी सुंदर श्रृंगार किया। गर्भगृह के बाहर भी आकर्षक सजावट की गई है।

### वीर बगीची में स्वर्ण आभूषणों से हुआ श्रृंगार

मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर वीर बगीची में अलीजा सरकार का स्वर्ण आभूषणों से श्रृंगार हुआ। स्वर्ण श्रृंगार में स्वर्ण हसली, कंठा, राम नाम की माला, मुकुट व स्वर्ण कुंडल के साथ ही 15 ग्राम सोने के बरक से अलीजा सरकार को स्वर्ण चोला चढ़ाया। सुबह 6 बजे भक्त मंडल एवं श्रद्धालुओं द्वारा जन्मआरती की। मंदिर परिसर में 25 प्रकार के देशी-विदेशी फूलों से फूल बंगला भी सजाया गया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर विभिन्न किस्म के फूलों से खुशबू से महक उठा। शाम 5 बजे महाआरती कर भगवान को छप्पन भोग समर्पित किए जाएंगे।

# मतदान केन्द्रों पर छाया, बैठक, पंखे-कूलर, पेयजल आदि की रहेगी पर्याप्त व्यवस्था

## दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए भी रहेंगे विशेष इंतजाम

**कलेक्टर आशीष सिंह ने नगर निगम आयुक्त और अन्य अधिकारियों के साथ मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले में 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए व्यापक तैयारियां जारी है। जिले में गर्मी को देखते हुये मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए छाया, बैठक, पंखे-कूलर, पेयजल आदि की पर्याप्त व्यवस्थाएं रखी जायेगीं। दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए भी विशेष इंतजाम रहेंगें। इन व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह तथा नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने शहर के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान इन्होंने निर्देश दिये कि मतदान केन्द्रों पर उक्त सभी व्यवस्थाएं आवश्यक रूप से की जाये। इन व्यवस्थाओं में विभिन्न संस्थाओं और संगठनों की मदद भी ली जाये।**

निरीक्षण के दौरान नगर निगम के अपर आयुक्त श्री अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री श्री डीआर लोधी तथा श्री महेश शर्मा, क्षेत्रीय झोनल अधिकारी, सीएसआई व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह तथा नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत शहर में अधिक से अधिक मतदान बढ़ाने के उद्देश्य से किये जा रहे कार्यों के साथ ही शहर में स्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने रेसीडेंसी एरिया, मूसाखेड़ी क्षेत्र, मयूर नगर, मालवा मिल क्षेत्र, पंचम की फेल व अन्य स्थानों पर स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। मतदान केन्द्रों पर शहर के सामाजिक, शैक्षणिक, व्यापारिक व विभिन्न संस्था/संगठनों के माध्यम से 13 मई 2024 मतदान दिवस पर उपरोक्त व्यवस्थाऐं सुनिश्चित कराने के संबंध में संबंधितों को निर्देशित किया। बताया गया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह की पहल पर शहर के मार्केटिंग एसोसिएशन के साथ-साथ होटल, मॉल, रेस्टोरेन्ट, व्यापारिक संगठनों के साथ 23 अप्रैल 2024 को शाम 4 बजे सिटी बस आफिस में बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में मतदाताओं को जागरूक करने के संबंध में चर्चा की जायेगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एंव जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने कहा कि शहर में अधिक से अधिक मतदान को दृष्टिगत रखते हुए, विभिन्न अभियान चलाये जा रहे है। ग्रीष्मकाल को देखते हुए मतदाताओं एवं मतदान दल को बेहतर सुविधाऐं उपलब्ध हो इसको लेकर मतदान केन्द्र पर शेड व्यवस्था, टेन्ट व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, बैठक व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिये गये।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान चुनाव आयोग के निदेशांनुसार मतदान केन्द्रों पर की जा रही व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इसके साथ ही मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिऐ रैम्प/व्हील चेयर, मतदान केन्द्र तक पहुंच मार्ग, प्रत्येक मतदान दल एवं मतदाता को स्वच्छ पेयजल, मतदान दल के केन्द्र पर मतदान आने से जाने तक पेयजल की पूर्ति, प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त प्रकाश/विद्युत व्यवयस्था, शौचालय सुविधा, मतदान केन्द्र में स्थित कक्षों की सफाई के साथ ही निर्वाचन से संबंधित आवश्यक सूचना पटल आदि कार्यों का भी निरीक्षण किया गया।

# प्रमाणित राजनैतिक विज्ञापन ही हो सकेंगे प्रकाशित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश के 29 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में चार चरणों में निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी?। पहले चरण के छह लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में मतदान सम्पन्न हो चुका है। दूसरे चरण में 6 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 26 अप्रैल को, तीसरे चरण में 9 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 7 मई को और चौथे चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों में 13 मई को मतदान होगा।**

श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में सभी चरणों के मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। एमसीएमसी कमेटी से पूर्व प्रमाणित विज्ञापन ही प्रिंट मीडिया में प्रकाशित हो सकेंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

श्री राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के लिये विशेष व्यवस्था दी गई है। नियमानुसार प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए राजनैतिक दल/आवेदकों को मतदान के दिन और मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले जिला/राज्यस्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) को आवेदन देकर पूर्व प्रमाणन कराना होगा। पूर्व प्रमाणन के पश्चात ही समाचार पत्रों में ऐसे प्रचार विज्ञापन प्रकाशित किये जा सकेंगे।

श्री राजन ने बताया कि दूसरे चरण के 6 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों टीकमगढ़ (अजा), दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा एवं होशंगाबाद में 25 अप्रैल एवं मतदान तिथि 26 अप्रैल को प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। तीसरे चरण के 9 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों मुरैना, भिंड (अजा), ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ एवं बैतूल (अजजा) में 6 मई एवं मतदान तिथि 7 मई को प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। इसी प्रकार चौथे चरण के 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्र इंदौर, देवास (अजा), उज्जैन (अजा), मंदसौर, रतलाम (अजजा), धार (अजजा), खरगौन (अजजा) एवं खंडवा में 12 मई एवं मतदान तिथि 13 मई को प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा।

# भवन मालिक एक माह की अवधि में अग्नि सुरक्षा के सभी उपाय सुनिश्चित करें: कलेक्टर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जिले में लगभग 25 हजार से अधिक बिल्डिंग ऐसी हैं जो साढ़े 12 मीटर से अधिक ऊँचाई की हैं जिनमें अग्नि सुरक्षा के विशेष उपाय जरूरी हैं। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री आशीष सिंह ने इन सभी भवन मालिकों को एक माह की अवधि प्रदान की है कि वे अपने भवनों में अग्नि सुरक्षा के विशेष उपाय सुनिश्चित कर लें। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने कहा है कि इस अवधि के पश्चात निर्देशों का पालन नहीं करने की स्थिति में इन भवनों को सील करने की कार्रवाई की जाएगी।**



कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया है कि इंदौर में ऐसे व्यापारिक एवं वाणिज्यिक भवनों का चिन्हांकन कर लिया गया है जहाँ पर फायर फाइटिंग के लिए आवश्यक उपकरण लगाए जाने हैं एवं तदानुसार व्यवस्था सुनिश्चित की जानी है। व्यापारिक और वाणिज्यिक भवनों में जिनकी ऊँचाई 10 मीटर से कम है वहाँ पर फायर फर्स्ट एक्सटिंग्विशर, फस्ट हॉज रील, डाउन राइजर, मैन्यूअली फायर अलार्म सिस्टम, टैरेस टैंक (10 हजार लीटर) और फायर पम्प (450 एलपीएम) होना आवश्यक है।

ऐसे वाणिज्यिक एवं व्यापारिक भवन जिनकी ऊँचाई 10 मीटर से 15 मीटर के बीच में हैं वहाँ पर फायर फर्स्ट एक्सटिंग्विशर, फस्ट हॉज रील, डाउन राइजर, ऑटोमेटिक (बेसमेन्ट एरिया 200`2), मैन्यूअली फायर अलार्म सिस्टम, अन्डरग्राउड वाटर (50 हजार लीटर), टैरेस टैंक (5 हजार लीटर) और फायर पम्प होना आवश्यक है।

ऐसे वाणिज्यिक एवं व्यापारिक भवन जिनकी ऊँचाई 15 मीटर से 30 मीटर के बीच है, वहाँ पर फायर फर्स्ट एक्सटिंग्विशर, फस्ट हॉज रील, वेट राइजर/डाउन कमर, ऑटोमेटिक स्पिंकलर, यार्ड हाईड्रेंट, मैन्यूअली फायर अलार्म सिस्टम एवं ऑटोमेटिक अन्डरग्राउड वाटर टैरेस पंप, अंडर ग्राउड वाटर (डेढ़ लाख लीटर) और टैरेस टैंक (20 हजार) और फायर पम्प होना जरूरी है।

जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना प्रारंभ कर दें। एक माह की अवधि व्यवस्थाएं कायम करने के लिए प्रदान की गई है। इसके पश्चात कमी पाए जाने पर इन भवनों को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने स्पष्ट किया हैं कि इन्दौर एक वाणिज्यिक शहर हैं और यहाँ न केवल स्थानीय स्तर पर बड़ी संख्या में नागरिकों का अपितु प्रदेश भर से लोगों का आना जाना ऐसे भवनों में होता रहता हैं। ऐसे में जन सुरक्षा को देखते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाना अतिआवश्यक हैं।

# बिजली अधिकारी बूथों पर बिजली व्यवस्था को लेकर गंभीरता बरते

## पेयजल स्त्रोतों को लेकर अतिरिक्त सतर्कता रखी जाए : तोमर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने सोमवार को कंपनी के विभाग प्रमुखों की बैठक में निर्देश दिए कि मालवा निमाड़ के सभी 15 जिलों में लोकसभा चुनाव में बूथों की बिजली व्यवस्था को लेकर गंभीरता बरती जाए। यदि किसी बूथ पर बिजली का स्थाई कनेक्शन नहीं है, तो वहां अस्थाई कनेक्शन मतदान से दो-तीन दिन पूर्व हर हाल में दिया जाए। श्री तोमर ने निर्देश दिए कि कंपनी के अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी से सतत संपर्क में रहे। श्री तोमर ने कहा कि मतदान सामग्री स्थल, ईवीएम स्टोर रूम, प्रशिक्षण स्थल व लोक सभा चुनाव से जुड़े अन्य शासकीय कार्यालयों में बिजली की निर्बाध आपूर्ति हो। प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल स्त्रोतों की बिजली वितरण व्यवस्था पर निगाह रखने को कहा, उन्होंने कहा कि बिजली के कारण कही व्यवस्था प्रभावित न हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक श्री रिंकेश कुमार वैश्य, निदेशक श्री पुनीत दुबे, मुख्य अभियंता श्री एसआर बमनके, श्री एसएल करवाड़िया, श्री एसआर सेमिल, श्री आरके कार्य, मुख्य वित्त अधिकारी श्री नरेंद्र बिवालकर आदि ने भी विचार रखें।

# छात्रों को क्लीनिकल रिसर्च और फंडामेंटल रिसर्च सीखने का मिलेगा मौका

## सौवें साल में श्री गुजराती समाज होम्योपैथी कॉलेज के छात्र छात्राओं के लिए आर आर कैट तथा एम जी एम मेडिकल कॉलेज के साथ एम ओ यू करेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** श्री गुजराती समाज द्वारा संचालित श्रीमती कमलाबेन रावजी भाई पटेल गुजराती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज इंदौर में विश्व होम्योपैथी दिवस के उपलक्ष्य में बी एच एम एस पास हो चुके विद्यार्थियों के लिए शपथ समारोह एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें एम जी एम मेडिकल कॉलेज इंदौर के डीन डॉ संजय दीक्षित बतौर मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि के रूप में मनोज कुमार तिवारी अनुसन्धान कर्ता आर आर कैट इंदौर तथा डॉ अमित सोलंकी नेत्र रोग विशेषज्ञ थे कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री गुजराती समाज इंदौर के अध्यक्ष श्री प्रदीप भाई शाह ने की शासी निकाय अध्यक्ष श्री भरत भाई शाह एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ एस पी सिंह ने कार्यक्रम की रूप रेखा बताई एवं अतिथि स्वागत किया । शासी निकाय अध्यक्ष श्री भरत भाई शाह ने कहा कि चिकित्सा ही एकमात्र ऐसा व्यवसाय है जिसमे ग्राहक मतलब मरीज आपको चिकित्सक को भगवान समझता है, इसलिए उसके विश्वास को बनाये रखना आपका कर्तब्य है । मुख्य अतिथि डीन डॉ संजय दीक्षित ने जूनियर डॉक्टर्स को शपथ दिलाते हुए कहा की इस शपथ को आप अपने अंतर्मन में उतार कर जीवन भर अपनी चिकित्सा पद्धति होम्योपैथी द्वारा मानव कल्याण में जुट जाएँ । डॉ संजय दीक्षित ने आयुष एवं होम्योपैथी चिकित्सा की तारीफ करते हुए कहा कि सभी प्रकार की असाध्य बीमारी को ठीक करने में यह पद्धतियाँ सफल हैं। आपने कहा कि कोविड के समय आयुष और होम्योपैथी ने एलोपैथी के साथ मिलकर भारत की जनता को बचाया कार्यक्रम पश्चात डीन डॉ संजय दीक्षित ने महाविद्यालय एडमिनिस्ट्रेटर डॉ राजेश बोर्डिया एवं वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ एके द्विवेदी जी से गुजराती होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज एवं एम जी एम मेडिकल कॉलेज के बीच एम ओ यू करने की बात भी कही आपने कहा कि ऐसी समस्त बीमारियां जो एलोपैथी से ठीक नहीं हो सकती हैं उनके लिए वहाँ के मेडिसिन विभाग के साथ गुजराती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर मिलकर असाध्य बीमारियों को ठीक करने के साथ साथ क्लीनिकल रिसर्च भी कर सकते हैं। आपने एथिकल कमेटी के साथ शीघ्र ही कॉलेज प्राचार्य एवं वरिष्ठ प्रोफेसर्स की बैठक कराने की बात भी कही ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाज अध्यक्ष श्री प्रदीप भाई शाह ने कहा कि समाज के सौवें साल में श्री गुजराती समाज होम्योपैथी कॉलेज के छात्र छात्राओं के लिए आर आर कैट तथा एम जी एम मेडिकल कॉलेज के साथ एम ओ यू करेगा ताकि छात्रों को क्लीनिकल रिसर्च और फंडामेंटल रिसर्च करने और सीखने का मौका मिल सकेगा ।

विशेष अतिथि के रूप में मनोज कुमार तिवारी अनुसन्धान कर्ता आर आर कैट इंदौर तथा डॉ अमित सोलंकी नेत्र रोग विशेषज्ञ ने भी छात्रों को सम्बोधित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया तथा सभी सम्मान पाने वाले छात्रों को बधाई भी दी ।

कार्यक्रम का सञ्चालन डॉ रुपाली दवे ने किया । आभार कुशल पारीख ने व्यक्त किया । विशेष रूप से श्री मनोज भाई पारीख, श्री दीपक भाई सोनी ,श्री नवनीत भाई पटेल , श्री पुनीत चावड़ा एवं श्री जिग्नेष भाई शाह उपस्थित थें। डॉ कोमल जोशी ए डॉ राजेश बोर्डिया, डॉ एके द्विवेदी सहित अन्य सभी प्रोफेसर एवं मेडिकल ऑफिसर सहित 450 होम्योपैथी छात्र छात्राएं उपस्थित थे ।

# मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से शहर के नागरिक हलकान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर।** शहर मे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, जापानी बुखार जैसी गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा मंडराते जा रहा है, मच्छरों के दिन प्रतिदिन बढ़ते प्रकोप से शहर के नागरिक हलकान हो रहे हैं। वही इंदौर का स्वास्थ्य अमला और नगर निगम इस खतरे से अनजान बन चैन की चादर ओढ़ सोया हुआ है। यह आरोप इंदौर कांग्रेस के नेता और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव राजेश चौकसे ने लगाए है। चौकसे ने आगे कहा कि इंदौर शहर की कई चैंबर लाइन पूरी तरीके से चौंक पड़ी हुई है, महात्मा गांधी मार्ग आरएनटी मार्ग छावनी, उषा गंज, साउथ तुकोगंज,सहित कई इलाकों में नर्मदा के नल में गंदा पानी आ रहा है। वहीं कई इलाकों में कचरा गाड़ियां आना बंद हो गई है। पूरा शहर मच्छरों के प्रकोप से पीड़ित है इस गंभीर विषय पर पिछले दिनों हुए टॉक शो में यह बात खुद निगम और स्वास्थ्य अधिकारियों ने कबूल करी की 45 लाख की आबादी में मलेरिया विभाग के 35 और इंदौर नगर निगम के 25 कर्मचारी मच्छरों की समस्या से निजात पाने के लिए जुटे हुए हैं लेकिन आबादी के मान से यह संख्या कम है। मच्छरों से मुकाबला करने के लिए फाग मशीन या दवा कारगर साबित नहीं हो पा रही है बल्कि नागरिकों की जागरूकता से ही इस समस्या से मुकाबला किया जा सकता है। चौकसे ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव से पूछा है कि जब मच्छरों के प्रकोप से जनता को जागरुक होकर खुद ही निपटना है तो फिर नगर निगम और स्वास्थ्य अमले को दिए जाने वाला करोड़ों रुपए का बजट भ्रष्टाचार कर पेट पूजा के लिए है क्या? मच्छरों के प्रकोप को कम करने के लिए दवाइयां का छिड़काव तो छोड़िए 19 जोन में दी गई 2-2 फाग मशीन में से आधी से अधिक खराब पड़ी हुई है। स्वास्थ्य अमले ने इतने बड़े शहर जिसे भाजपा स्मार्ट सिटी कहती है मात्र 60 कर्मचारी लगा कर इति श्री कर ली है।

## आम,चीकू, फालसा के पेड़ होंगे नीलाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर के शासकीय उद्यान फलबाग में 29 अप्रैल को दोपहर 3 बजे फलबहार की नीलामी की जायेगी। जिसमें आम के 08, चीकू के 26 तथा फालसा के 50 इस तरह कुल 84 पेड़ों के फलबहार की नीलामी होगी। कार्यालय उद्यान विकास अधिकारी शासकीय उद्यान फलबाग अर्जुननगर अवासा टाउनशिप के सामने ए.बी. रोड इन्दौर से विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

# दो लाख 73 हजार 432 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचरण संहिता 16 मार्च से प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि पुलिस द्वारा लाइसेंसी शस्त्र एवं विस्फोटक पदार्थों की जब्ती की कार्रवाई लगातार की जा रही है। श्री राजन ने बताया कि प्रदेश में अब तक 2 लाख 73 हजार 432 लाइसेंसी शस्त्र थानों में जमा करा लिये गये हैं। प्रदेश में 46 हजार 832 गैर जमानती वारंटों की तामीली भी हो चुकी है। कुल 792 शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। कार्रवाई के दौरान पुलिस द्वारा अब तक 3 हजार 344 अवैध हथियार, 934 कार्टिज एवं 6 विस्फोटक पदार्थ जब्त किये गये हैं। इसके साथ ही 2 लाख 11 हजार 651 व्यक्तियों पर विभिन्न धाराओं में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा चुकी है। प्रदेश में कुल 312 अंतर्राज्यीय नाकों एवं 522 आंतरिक नाकों से कड़ी निगरानी की जा रही है। निर्वाचन निगरानी के मद्देनजर प्रदेश में 691 फ्लाईंग स्क्वाड (उड़नदस्ता), 833 सर्विलांस टीम (एसएसटी) एवं 39 क्विक रिसपांस टीम (क्यूआरटी) कार्य कर रही हैं।

# मतदाता जागरूकता के लिए मतदाता साक्षरता क्लब का गठन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भागीरथ सिलावट शासकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत महाविद्यालय मे ह्लकैंपस एंबेसेडरह्व एवं ह्लमतदाता साक्षरता क्लबह्व का गठन विशेष रूप से किया गया। विद्यार्थियों के सहयोग से स्लोगन, पोस्टर, रैली का आयोजन किया गया। ह्लपालकों के नाम पातीह्व के द्वारा स्वयं मतदान करने एवं मतदान के प्रति अन्य लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। कैंपस एम्बेसडर को वर्कशॉप के द्वारा मतदान जागरूकता गतिविधि की जानकारी भी दी गई। मतदाता जागरूकता अभियान की प्रभारी डॉ. अंजली जोशी ने बताया कि विद्यार्थियों को मतदान के प्रति आकर्षित करने के लिए महाविद्यालय में सेल्फी प्वाइंट भी बनाये गये हैं। महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता गतिविधियां जारी रखते हुये हस्ताक्षर अभियान, नुक्कड़ नाटक आदि आयोजन नियमित रूप से किये जायेंगें।

# शासकीय कर्मियों को विदेश यात्रा की अनुमति नहीं मिलेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के मद्देनजर कार्मिकों को विदेश यात्रा की अनुमति नही मिलेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने एक आदेश जारी कर इंदौर जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे विदेश यात्रा की अनुमति हेतु कार्मिकों केआवेदन कार्मिक प्रबंधन शाखा को अग्रेषित नहीं करें। विदेश यात्रा हेतु कार्मिकों को लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्यो से मुक्त किया जाना संभव नही है। प्रायः यह देखा जा रहा है कि कार्यालय प्रमुखों द्वारा विदेश यात्रा हेतु कार्मिकों के आवेदन पत्र अनुशंसा सहित कार्मिक प्रबंधन शाखा को अग्रेषित किये जा रहे है।

# 8 उम्मीदवारों ने फॉर्म किए जमा

## कांग्रेस प्रत्याशी 24 को, भाजपा प्रत्याशी 25 को फॉर्म भरेंगे

**इंदौर।** इंदौर संसदीय क्षेत्र के लिए लोकसभा चुनाव के नामांकन फॉर्म भरने का सिलसिला जारी है। सोमवार को नामांकन के चौथे दिन तीन उम्मीदवारों ने फॉर्म जमा किए। इनमें लीलाधर चौहान (इंडियन नेशनल कांग्रेस एवं निर्दलीय), धर्मेंद्र सिंह झाला (पूर्व वायु सैनिक) (निर्दलीय) व संजय सोलंकी (बहुजन समाज पार्टी) ने नामांकन फॉर्म जमा किया। इन्हें मिलाकर अब तक कुल 8 उम्मीदवारों ने फॉर्म जमा कर दिए हैं। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की आखिरी तारीख 25 अप्रैल है। कलेक्टर कार्यालय में बनाए गए रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक फॉर्म जमा हो रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम बुधवार को फॉर्म जमा करेंगे, वहीं भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी 25 अप्रैल को फॉर्म दाखिल करेंगे। बम के नामांकन में भंवर जितेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, विवेक तन्खा, जयवर्धन सिंह सहित अन्य नेता शामिल होंगे।

## राजबाड़ा चौक पर हनुमान जयंती महोत्सव



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राजबाड़ा चौक स्थित जय श्री राम प्राचीन श्री वनखंडी हनुमान मंदिर में 23 अप्रैल पूर्णिमा को हनुमानजी का प्रकटोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। सुबह 6 बजे जन्मोत्सव आरती होगी। उसके बाद चोला दर्शन सहित कई धार्मिक कार्यक्रम होंगे। इस मौके पर हनुमानजी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। महंत पुजारी धर्मेंद्र बैरागी ने बताया कि श्रीराम प्राचीन वनखंडी हनुमान मंदिर राजबाड़ा चौक में हनुमानजी का जन्मोत्सव पर कई धार्मिक कार्यक्रम किए जाएंगे। सुबह 6 बजे जन्मोत्सव आरती की जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त जन शामिल होंगे। रात 8 बजे हनुमान बाबा की नित्य आरती की जाएगी। भजनसंध्या के बाद रात 9 बजे भंडारा प्रसादी के कार्यक्रम होंगे। इस मौके पर मंदिर परिसर में विद्युत साज-सज्जा की जाएगी।

## जून के तीसरे सप्ताह में यशवंत क्लब में चुनाव

**इन्दौर।** इलीट क्लास का क्लब कहलाने वाले इंदौर के प्रतिष्ठित यशवंत क्लब में जून के तीसरे सप्ताह में चुनाव होना है। चुनाव पर निगरानी रखने वाली रेफरी समिति की पहली बैठक आयोजित हुई। बताया जा रहा है कि इस बैठक में रेफरी समिति के सदस्यों ने इस बात पर मंथन किया की क्लब के चुनाव का मतदान प्रतिशत कैसे बढ़ाया जाए। बताया जा रहा है कि समिति सदस्यों ने सुझाव दिया है कि चुनाव के बारे में प्रत्येक सदस्य को व्यक्तिगत रूप से जानकारी दी जाना चाहिए। यशवंत क्लब सूत्रों ने बताया कि रेफरी समिति ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के साथ ही आचार संहिता के स्वरूप को लेकर भी चर्चा की। बता दें कि क्लब की कमेटी ने इस बार पहली बार रेफरी समिति बनाई है। जिसमें हितेश मेहता, रवींद्र बाफना और निशिकांत वाईकर को रेफरी बनाया गया है। 19 जून को वर्तमान मैनेजिंग कमेटी का कार्यकाल पूरा हो रहा है। जिसके पहले क्लब के चुनाव होना है। चेयरमैन और सचिव सहित कुल 9 पदों पर चुनाव होंगे। क्लब के 4500 से अधिक सदस्यों को वोटिंग का अधिकार है। लेकिन इनमें आधे सदस्य ही वोट डालते है। पिछली बार भी लगभग 26 सौ से 27 सौ वोट डाले गए थे।

# एमपी में तीसरे चरण में 6 निर्दलीयों ने छोड़ा मैदान

## भोपाल से 3, गुना से 2 नाम शामिल; चौथे चरण में 28 कैंडिडेट्स ने जमा किए 48 नामांकन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की 9 सीटों पर सोमवार को नाम वापसी हुई। आखिरी दिन 6 निर्दलीयों ने नाम वापस लिए। इनमें भोपाल से 3, गुना से 2 और एक प्रत्याशी सागर से हैं। हालांकि, फाइनल स्थिति क्लियर होना अभी बाकी है।**

वहीं, चौथे चरण की लोकसभा सीटों में नामांकन दाखिले के लिए अब तीन दिन का समय बाकी बचा है। 8 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए अभी इंदौर, खरगोन और धार लोकसभा सीट के बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही दलों के प्रत्याशियों के नामांकन जमा होने बाकी हैं। वहीं, कांग्रेस की ओर से भी रतलाम लोकसभा सीट पर प्रत्याशियों के नामांकन जमा होना है। इस सभी सीट पर अब तक 28 कैंडिडेट्स की ओर से कुल 48 नामांकन फॉर्म जमा हुए हैं।

बीजेपी के इंदौर, खरगोन और धार लोकसभा सीट के प्रत्याशियों के नामांकन में सीएम डॉ. मोहन यादव मौजूद रह सकते हैं। इसके अलावा रतलाम झाबुआ से अनीता नागर सिंह चौहान ने नामांकन भर दिया है लेकिन सीएम डॉ यादव इनके द्वारा अगले तीन दिनों में फिर भरे जाने वाले नामांकन रैली में शामिल हो सकते हैं। दूसरी ओर कांग्रेस की ओर से भी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, सांसद विवेक तन्खा, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव भी पार्टी से टिकट पाने वाले नेताओं के नामांकन प्रक्रिया में शामिल होने जा सकते हैं।

### 29 अप्रैल को नाम फाइनल होंगे

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में शामिल देवास, इंदौर, रतलाम, धार, उज्जैन, मंदसौर, खरगोन और खंडवा में 25 अप्रैल तक नामांकन भरे जाएंगे। इसके बाद 26 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 29 अप्रैल को नाम वापसी के बाद इन सीटों पर प्रत्याशियों के नाम फाइनल होंगे। इस बीच प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस और बीजेपी की चुनावी सभाओं में भी तेजी आ गई है।

### इन प्रत्याशियों ने वापस लिया नामांकन

1. गुना लोकसभा सीट से निर्दलीय चरण जीत सिंह यादव
2. गुना लोकसभा सीट से निर्दलीय मनोज शिवकुमार मिश्रा
3. सागर लोकसभा सीट से निर्दलीय अमित दुबे रामजी
4. भोपाल लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रेमनारायण स्वर्णकार
5. भोपाल लोकसभा सीट से निर्दलीय जय श्री हरिकिरण
6. भोपाल लोकसभा सीट से निर्दलीय वीरेंद्र कुमार
7. तीसरे चरण में इनके नामांकन सही पाए गए

### चौथे चरण के लिए अब तक यहां नामांकन हुए जमा

इधर, चौथे चरण के नामांकन के अंतर्गत इंदौर, खंडवा, उज्जैन, रतलाम, मंदसौर, देवास और खरगोन के लिए तीन दिनों में नामांकन जमा हुए हैं, लेकिन धार के लिए एक भी नामांकन जमा नहीं हुआ है।

# दतिया के पंडोखर धाम में आग

## महाराज निवास, दफ्तर और साधु-संतों की कुटिया जलीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया।** दतिया के पंडोखर धाम में सोमवार दोपहर को आग लग गई। तेज हवाओं के कारण आग फैलती गई। देखते ही देखते आग साधु-संतों समेत भक्तों के लिए बनीं कुटियाओं तक पहुंच गई। दूर से ही ऊंची-ऊंची लपटें दिखाई दे रही थी। जानकारी मिलते ही पंडोखर थाना पुलिस और भांडेर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड का अमला मौके पर पहुंचा। फायर ब्रिगेड के अमले ने स्थानीय लोगों की मदद से करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पंडोखर पुलिस के मुताबिक, घटना दोपहर करीब साढ़े 3 बजे की है। ग्रामीणों और मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं की मदद से आग पर करीब 2 घंटे में काबू पा लिया गया। आग बुझाने में जुटे लोगों का कहना है कि, दमकल की टीम जब तक धाम पर पहुंची, करीब 90 प्रतिशत आग पर हम सब ने काबू पा लिया था। आग लगने का कारण पुलिस तलाश रही है।



पंडोखर धाम में मंगलवार 23 अप्रैल से महोत्सव शुरू होना है, जो 8 मई तक चलेगा। इसमें पंडोखर पीठाधीश्वर पंडित गुरु शरण शर्मा, वृंदावन के अर्पिताचार्य जी महाराज और साध्वी पीताम्बरा के प्रवचन होंगे। देशभर से अनुयायी यहां पहुंच रहे हैं।

### कुटीर से भड़की आग, महाराज निवास और ऑफिस तक पहुंची

पंडोखर धाम के व्यवस्थापक मुकेश गुप्ता ने बताया कि महोत्सव को देखते हुए विशेष तैयारियां की गई थीं। साधु-संत और भक्तों के रुकने के लिए कुटीर बनाए गए थे। आग इन्हीं कुटीर से भड़की और जल्द ही महाराज निवास समेत धाम के नए ऑफिस तक पहुंच गई।

कुटियाओं के साथ जरूरी दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक सामान, जेवरात, सोफा समेत लकड़ी के आइटम्स जल गए हैं। करीब एक करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है।

### मजदूरों ने एक व्यक्ति को भागते देखा

व्यवस्थापक मुकेश गुप्ता ने बताया कि घटना के समय यहां काम कर रहे मजदूरों ने एक व्यक्ति को भागते हुए देखा। वहीं, पंडोखर धाम के पीठाधीश्वर पंडित गुरु शरण शर्मा ने कहा, आग के पीछे कौन है और क्या कारण है, अभी मैं कुछ नहीं कह सकता। यही मेरा निवास है। यही मेरी साधना स्थली है। जांच में सब निकलकर आ जाएगा।

# भाजपा नेता को घर में घुसकर पीटा

## कार हटाने को लेकर हुआ विवाद; तोड़फोड़ भी की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में कुछ युवकों ने भाजपा नेता राजा भैया गुर्जर की घर में घुसकर पिटाई कर दी। नेता हाथ जोड़कर माफी मांगते रहे। महाराजपुरा न्यू जनकपुरी की इस घटना का वीडियो सामने आया है। पुलिस ने बताया के कार निकालने को लेकर हुए विवाद में भाजपा ग्रामीण के सह-कोषाध्यक्ष राजा भैया गुर्जर से मारपीट हो गई। हमलावर, भाजपा नेता के घर में बने ऑफिस में घुस आए और तोड़फोड़ भी की। घटना रविवार रात की है। पुलिस ने राजा भैया के ड्राइवर शैलेंद्र गुर्जर की शिकायत पर शैलेंद्र तोमर सहित 3 अज्ञात हमलावरों पर मामला दर्ज किया है। आरोपी शैलेंद्र भी भाजपा से जुड़ा बताया गया है, जो पहले भी विवादों में रह चुका है।

# पंखे से लटकी मिली एमबीबीएस की छात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** चिरायु मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस फर्स्ट ईयर की छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सोमवार सुबह हॉस्टल के रूम से उसका शव बरामद किया गया। खजूरी थाने के टीआई नीरज वर्मा ने बताया कि रानी मोरे (22) पुत्री देवी सिंह मोरे मूल रूप से धसलगांव तहसील झिरन्या भसल जिला खरगोन की रहने वाली थी। चिरायु मेडिकल कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल के रूम नंबर 14 में रहती थी। रात को वह रूम में सोई थी। सुबह 11 बजे तक जब बाहर नहीं निकली तो वार्डन चेक करने पहुंची। आवाजें देने पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। रूम का गेट तोड़ने पर शव दुपट्टे के बने फंदे पर पंखे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हमीदिया हॉस्पिटल की मॉर्चुरी में रखवा दिया है। परिजन के आने के बाद मंगलवार को पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। कमरे की तलाशी में सुसाइड नोट नहीं मिला है। रानी मोरे चिरायु मेडिकल कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल के रूम नंबर 14 में रहती थी।

# मधुमक्खियों का मजदूरों पर हमला, एक की मौत, 5 घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पांढुर्णा।** पांढुर्णा में वर्धा नदी पर जलाशय का काम कर रहे मजदूरों पर सोमवार दोपहर को मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इसमें एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि पांच गंभीर हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, मधुमक्खियों के झुंड ने उस समय मजदूरों पर हमला किया, जब वे जलाशय के गेट का काम कर रहे थे। मधुमक्खियों ने मुंशीलाल को घेर लिया और बुरी तरह से काट लिया। उसकी अस्पताल पहुंचने के पहले ही मौत हो गई।

# कार ने बाइक को टक्कर मारी, 2 की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अशोकनगर।** चंदेरी में एक कार ने बाइक सवार 2 युवकों को टक्कर मार दी। दोनों की मौत हो गई। वे शादी समारोह से लौट रहे थे। कार चालक टक्कर मारने के बाद कार को छोड़कर चंदेरी थाने पहुंचा और हादसे की जानकारी दी। हादसा सोमवार सुबह 7 बजे का बताया जा रहा है। फिलहाल दोनों मृत युवकों के शवों को चंदेरी सिविल अस्पताल में पीएम के लिए रखवाया गया है। उनके परिजनों को सूचना दे दी है।

# वायनाड से निपटने वाले है उनके करम ही ऐसे-सीएम

## तिरंगे से भगवा निकाल कर बताओ सीएम मोहन यादव ने राहुल गांधी पर कसा तंज




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उज्जैन आलोट सीट से बीजेपी के प्रत्याशी अनिल फिरोजिया के नामांकन और उसके बाद रोड शो में शामिल हुए। इस दौरान सीएम ने संभागीय मीडिया कार्यालय का उद्घाटन किया इसके बाद मीडिया से चर्चा करते हुए सीएम ने कांग्रेस पर तंज कसा और कहा कि जो चुनाव के पहले पराजय मन ले इससे कांग्रेस के मनोबल का अंदाजा दिखाई देता है। सीएम ने राहुल गांधी को लेकर भी बड़ी बाते कही उन्होंने कहा कि 2014 में राहुल गाँधी की नरेंद्र मोदी से मुकाबला करने के लिए लांच किया। लेकिन कहाँ राजा भोज। सीएम यादव यही नहीं रुके उन्होंने कहा राहुल के पास अबकी बार टेम्पो की सवारी भी नहीं रहने वाली है। वायनाड से निपटने वाले है उनके करम ही ऐसे है।

### सीएम बोले तिरंगे से भगवा निकाल कर बताओ

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि दूरदर्शन के लोगो में भगवा रंग दिखाई देने लगा है। भगवा देखा नहीं कि ऐसा लगता है मानो सांड के आगे लाल कपड़ा दिखा दिया हो न जाने क्या बुद्धि मारी गई है क्या बिगाड़ा भगवा ने भैया आपका, ऐसा आपको अगर भगवा से इतनी ही दिक्कत है तो तिरंगे से भगवा निकाल दो तो हम जानेंगे कि बहादुर हो। इस देश की संस्कृति सदैव त्याग की संस्कृति है।

# दिग्विजय के करीबी चंदेरी नगर पालिका अध्यक्ष ने सिंधिया के सामने भाजपा जॉइन की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** प्रदेश में कांग्रेस को एक और झटका लगा है। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के करीबी और चंदेरी नगर पालिका अध्यक्ष दशरथ उर्फ संतोष कोली ने भाजपा जॉइन कर ली। उन्होंने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सामने भाजपा की सदस्यता ली। उनके साथ कुछ पार्षदों ने भी कांग्रेस छोड़ दी। अशोकनगर जिले की यह एक मात्र नगर पालिका है, जिस पर कांग्रेस का कब्जा था। जिले में 2 नगर पालिका और 4 नगर परिषद हैं। गुना से बीजेपी प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया अशोकनगर के दौरे पर थे। उन्होंने बीजेपी की पट्टी पहनाकर दशरथ को बीजेपी की सदस्यता दिलाई। दशरथ, दिग्विजय सिंह के समर्थक माने जाते हैं। इसके साथ ही वे पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान के करीबी माने जाते हैं।

# तेज रफ्तार कार की बोलेरो से भिड़ंत, मां-बेटे की मौत

**खरगोन।** बिस्टान रोड नाके पर रविवार देर रात 2:30 बजे बोलेरो और कार की भिड़ंत में मां बेटे की मौत हो गई। जबकि 2 बच्चों सहित 9 लोग घायल हो गए। खरगोन का यह परिवार इंदौर में शादी से बोलरो में सवार होकर लौट रहा था। संजय नगर स्थित घर के लगभग आधा किलोमीटर पहले यह हादसा हुआ।

# संपादकीय

## जेल में बेखौफ बंदी

पंजाब की संगरूर जेल में कैदियों के बीच खूनी संघर्ष में दो की मौत से एक बार फिर जेलों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। शुक्रवार की रात को कुछ कैदियों ने दो कैदियों पर हमला कर उन्हें धारदार हथियार से मार डाला। जेल प्रशासन का कहना है कि जिन कैदियों के बीच हिंसक झड़प हुई, उनका किसी आपराधिक गिरोह से संबंध नहीं था। उनके बीच आपसी रंजिश थी, जो खूनी संघर्ष में परिणत हो गई। यानी इस बात की जानकारी जेल प्रशासन को थी कि कुछ कैदियों में कहासुनी की वजह से तनाव बना हुआ था। विचित्र है कि प्रशासन ने उस विवाद को सुलझाने का प्रयास नहीं किया। खुद पुलिस महानिरीक्षक ने माना है कि अगर समय रहते इस विवाद को सुलझा लिया गया होता, तो दो कैदियों की मौत नहीं होती। इस घटना के बाद भी फिर वही सवाल उठ रहे हैं कि आखिर कैदियों को धारदार चीजें कैसे हाथ लग गईं, जिससे उन्होंने दो कैदियों की जान ले ली, जबकि जेलों में ऐसी हर चीज को बंदियों से दूर रखा जाता है, जिनसे वे किसी पर हमला या खुदकुशी कर सकते हों। पंजाब की जेलों में कैदियों के रखरखाव को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। कई लोग तो यहां तक कह चुके हैं कि वहां की कई जेलें अपराधियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन चुकी हैं। संगरूर जेल पर भी ऐसे आरोप लगते रहे हैं। कुछ साल पहले वहां से एक कुख्यात गिरोह के अपराधी के अपने जन्मदिन पर केक काटने और उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर डालने के बाद तो खासा विवाद हुआ था। ऐसे ही मामले बठिंडा, कपूरथला और पटियाला की जेलों से भी दर्ज हुए थे, जब अपराधियों को सोशल मीडिया पर सक्रिय देखा या फोन पर बाहर के लागों से बात करते, किसी साजिश को अंजाम देते पाया गया। हालांकि जेल में कैदियों के बीच हिंसक झड़प का मामला केवल पंजाब तक सीमित नहीं है। दिल्ली की अति सुरक्षित और चाकचौबंद मानी जाने वाली तिहाड़ जेल में भी ऐसी कई घटनाएं हाल के कुछ महीनों में देखी जा चुकी हैं। तिहाड़ में तो कुख्यात आपराधिक गिरोहों के बीच खूनी संघर्ष देखा गया। ऐसी घटनाएं होने की खबरें देश के दूसरे प्रदेशों की जेलों से भी आ जाती हैं। पठानकोट सैन्य अड्डे पर हुए आतंकी हमले के बाद तो सेना ने भी अपनी जांच के बाद चिंता जताई थी कि पंजाब की जेलों में बैठे अपराधी बाहरी लोगों से संपर्क में रहते और मादक पदार्थों की तस्करी आदि में संलिप्त हैं। तब सभी जेलों में औचक निरीक्षण किया और जेलों के प्रशासन को मुस्तैद रहने को कहा गया था। मगर स्थिति में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं देखा गया। आरोप लगते रहे हैं कि जेलों के प्रशासन से जुड़े लोग ही अपराधियों को मोबाइल फोन आदि उपलब्ध कराते हैं।

### Quote...

"Life itself is the most wonderful fairy tale."

-Hans Christian Andersen



### ओशो कहिन

**प्रश्न ये नहीं है कि क्या मृत्यु के बाद भी जिंदगी रहेगी, प्रश्न तो ये है कि क्या आप मृत्यु से पहले जिंदगी जी सकेंगे।**

Health is Wealth

# प्रेग्नेंसी में बार-बार होती है गैस की समस्या

## तो छुटकारे के लिए अपनाएं ये टिप्स



**ज्यादातर महिलाओं को प्रेग्नेंसी के दौरान गैस की समस्या होतीा है। दरअसल, हार्मोन असंतुलित होने के कारण प्रेग्नेंट महिलाओं को कई तरह की दिक्कत आती है। जिसमें पाचन से जुड़ी समस्या का होना बहुत कॉमन है। अगर आप या आपके जानने में कोई महिला प्रेग्नेंट है और उसे गैस या पेट फूलने की समस्या होती रहती है तो आप कुछ टिप्स को अपनाकर छुटकारा पा सकते हैं। जानिए, प्रेग्नेंसी में गौस से निपटने के टिप्स-**

### ज्यादा फाइबर खाएं

कब्ज के लक्षणों को नियंत्रित करने के लिए अपने खाने में हाई फाइबर वाले खाने को खाएं। केले, अंजीर, आलूबुखारा, अमरूद जैसे फल फाइबर से भरपूर है। इन्हें रोजाना के डायट में शामिल करें।

### स्ट्रेस फ्री रहें

क्या आपको पता है कि स्ट्रेस के कारण गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में प्रेग्नेंसी के दौरान स्ट्रेस फ्री रहने की कोशिश करें। स्ट्रेस कम करने के लिए गहरी सांस लें, ध्यान लगाएं, अरोमाथेरेपी जैसी तकनीकों को भी अपना सकते हैं।

### देखें कब होती है गैस

प्रेग्नेंसी के दौरान बैलेंस डायट लेना जरूरी है। हालांकि, कई बार कुछ चीजें जो हेल्दी होती है, लेकिन वह आपके लिए समस्या बन सकती हैं। ऐसे में क्या खा रहे हैं इस पर नजर रखें। जिन चीजों को खाने से गैस की समस्या ट्रिगर हो उन चीजों को अवॉइड करें। इसके अलावा मसाले वाले और पैकेट वाले खाने से बचें।

### फिजिकल फिटनेस पर दें ध्यान

प्रेग्नेंसी के दौरान फिजिकली एक्टिव रहने पर गैस को बाहर निकालने में मदद मिलती है और ये आपको बेहतर महसूस करा सकती हैं। प्रेग्नेंट महिला को कम से कम 30 मिनट पैदल चलने के साथ ही हल्के व्यायाम करने चाहिए।

New Delhi

# सेना और हथियार पर खर्च करने वाला भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा देश, 2023 में खर्च किए 83.6 अरब डॉलर

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दुनिया में सेनाओं और हथियारों पर खर्च करने के मामले में भारत चौथा बड़ा देश है। कुल 10 देशों ने सैन्य हथियारों पर बेतहाशा खर्च किया है। इसमें अमेरिका शीर्ष पर है। स्वीडन के स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में इस वक्त हथियारों, गोला-बारूद और दूसरे सैन्य साजो-सामान पर विभिन्न देश जितना धन खर्च कर रहे हैं, उतना इससे पहले कभी नहीं हुआ।रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023 में सैन्य खर्च 2022 के मुकाबले 6.8 फीसदी बढ़कर 24.4 खरब डॉलर पर पहुंच गया। जबकि, 2022 में यह 22.4 खरब डॉलर था। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2009 के बाद यह एक साल में सबसे बड़ी वृद्धि और लगातार नौवां साल है जब खर्च बढ़ा है। इस वृद्धि में जिन दस देशों का योगदान सबसे ज्यादा है, उनके सैन्य खर्च में बेतहाशा वृद्धि हुई है।



सबसे ज्यादा सैन्य खर्च करने वाले देशों में अमेरिका अब भी शीर्ष पर है। 2023 में अमेरिका ने 916 अरब डॉलर रक्षा पर खर्च किए जो दुनियाभर के कुल खर्च का 37% से भी ज्यादा है। दूसरे नंबर पर चीन है, जिसका खर्च अमेरिका से लगभग एक तिहाई है। उसने 296 अरब डॉलर खर्च किए, जो कुल खर्च का 12% है। यह 2022 से 6% ज्यादा है। इन दोनों देशों ने ही कुल खर्च में आधे का योगदान दिया। सैन्य खर्च के मामले में चौथा सबसे बड़ा देश भारत है जिसने 83.6 अरब डॉलर खर्च किए।

Uttarpradesh

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर डिवाइडर तोड़ दूसरी लेन में ट्रक से टकराई बस

**4 मरे, 25 घायल**



**कन्नौज, (एजेंसी)** यूपी के कन्नौज में भीषण सड़क हादसे में 4 की जान चली गई। हादसा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हुआ। तड़के हादसा होने के बाद से रास्ते में जाम लग गया। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे से जा रही बस यात्रियों से भरी थी। तड़के का समय होने के चलते सभी यात्री सोए हुए थे। हादसे की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया। मामले की जांच की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक एक बस आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से होकर गोरखपुर से दिल्ली की ओर जा रही थी। तड़के बस कन्नौज में थी। ठठिया थाना क्षेत्र में पिपरौली गांव के पास रात से चली आ रही बस के ड्राइवर को तड़के झपकी आने से बस अनियंत्रित हो गई। चालक बस संभाल नहीं पाया और बस डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में पहुंच गई। दूसरी ओर से ट्रक आ रहा था जिससे बस जा भिड़ी। ट्रक से भीषण टक्कर के चलते बस पलट गई और हादसे में 4 लोगों की जान चली गई। बस यात्रियों से भरी हुई थी। हादसा होते ही इलाके में चीख-पुकार मच गई। बस में सवार 25 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। हादसा बेहद भीषण था और उसकी आवाज से आस-पास के लोग मौके पर जमा हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों ने बस से बाहर निकाला।

Uttarpradesh

## बारात आने के पहले दूल्हा रेप केस में हो गया गिरफ्तार, दुल्हन करती रही इंतजार

**वाराणसी, (एजेंसी)** यूपी के वाराणसी में एक दूल्हा शादी वाले दिन ही गिरफ्तार हो गया. पुलिस ने घोड़ी चढ़ने के पहले ही उसे दबोच लिया. रेप केस में पुलिस ने दूल्हे पर शिकंजा कस दिया. जब इस बात का पता दुल्हन पक्ष को चला तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई. उन्होंने शादी से इनकार कर दिया. मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है. दरअसल, दूल्हा सिर पर सेहरा बांधकर घोड़ी चढ़ने की तैयारी में था, लेकिन तभी पुलिस मौके पर पहुंच गई और उसे अपने साथ थाने लेकर चली गई. यह घटना वाराणसी के चौबेपुर के रुस्तमपुर की है, जहां रहने वाले गोविंद पटेल को सारनाथ थाने की पुलिस ने रेप के आरोप में गिरफ्तार किया है. आरोप है कि गोविंद पटेल ने सारनाथ क्षेत्र की एक युवती को शादी का झांसा देकर 4 साल तक उसके साथ दुष्कर्म किया.

जानकारी के मुताबिक, बीते 21 अप्रैल को रुस्तमपुर के रहने वाले गोविंद की शादी वाराणसी के काजिसराय में रहने वाली युवती के साथ होने वाली थी. जब इसका पता सारनाथ क्षेत्र की रहने वाली एक अन्य युवती को हुई तो उसने गोविंद के ऊपर स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया. जिसमें आरोप लगाया गया कि गोविंद उसके साथ पिछले 4 वर्षों से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता चला आ रहा है.

Uttarakhand

## पत्नी का घोंटा गला, फिर पति ने तेल डालकर आत्महत्या का किया प्रयास, दो महीने पहले हुई थी शादी

**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून से हत्या का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. जहां एक सनकी पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी. इतना ही नहीं आरोपी ने घबराकर खुद पर तिल का तेल डालकर आत्महत्या करने की कोशिश भी की. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की. पुलिस ने आरोपी पति को भी गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच कर रही है. यह घटना प्रेम नगर थाना क्षेत्र में रात करीब 3 बजे हुई. थाना प्रेमनगर पुलिस को डेथ मेमो मिला और डॉक्टर्स से जानकारी मिली कि आरोपी पति ने गला दबाकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी है. तुरंत ही पुलिस अस्पताल पहुंची और आरोपी दीपक को हिरासत में लिया. पूछताछ के दौरान आरोपी ने सारा राज खोलकर रख दिया. दीपक दिहाड़ी मजदूर है और पत्नी का गला घोंटकर मारने के बाद वो खुद ही उसे अस्पताल ले गया था. बताया जा रहा है कि फरवरी माह में ही दोनों की शादी हुई थी. इस मामले पर सीओ रीना राठौर ने बताया की शुरुआती जांच में पता चला है कि पति और पत्नी के बीच अक्सर विवाद रहता था. जिसके चलते उसने इस घटना को अंजाम दिया. पत्नी का गला घोंटने के बाद आरोपी उसे अस्पताल लेकर पहुंचा. जहां डॉक्टर ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया और पुलिस को सूचना दी.



खेल

# यशस्वी जायसवाल ने की विराट कोहली और क्रिस गेल के रिकॉर्ड की बराबरी, इस लेजेंड्री क्लब में बनाई जगह

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ शतक जड़ विराट कोहली और क्रिस गेल जैसे दिग्गज बल्लेबाजों की बराबरी कर ली है। इस शतक के साथ उन्होंने एक लेजेंड्री क्लब में भी अपनी जगह बनाई है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सोमवार 22 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ हुए मुकाबले में 59 गेंदों पर अपना दूसरा आईपीएल शतक जड़ा। हैरानी की बात यह है कि जायसवाल का पहला आईपीएल शतक भी पिछले साल एमआई के खिलाफ ही आया था। यशस्वी इसी के साथ एक आईपीएल टीम के खिलाफ दो या उससे अधिक शतक जड़ने वाले 6ठे खिलाड़ी बन गए हैं।




एक आईपीएल टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने का रिकॉर्ड लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान केएल राहुल के नाम है। राहुल ने अपने आईपीएल करियर में चार में से तीन शतक मुंबई इंडियंस के खिलाफ लगाए हैं। वहीं क्रिस गेल, विराट कोहली, डेविड वॉर्नर और जोस बटलर के नाम एक आईपीएल टीम के खिलाफ 2-2 शतक लगाने का रिकॉर्ड है। इस लिस्ट में जोस बटलर एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो टीमों के खिलाफ 2-2 शतक लगाए हैं। उन्होंने यह कारनामा कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ किया है। यशस्वी जायसवाल अब इस सूची में शामिल होने वाले 6ठे खिलाड़ी बने हैं।

आईपीएल में एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज-

3 केएल राहुल बनाम एमआई
2 क्रिस गेल बनाम पीबीकेएस
2 विराट कोहली बनाम जीएल
2 डेविड वॉर्नर बनाम केकेआर
2 जोस बटलर बनाम केकेआर
2 जोस बटलर बनाम आरसीबी
2 यशस्वी जयसवाल बनाम एमआई

सिनेमा

## 'प्राइवेट पार्ट्स पर बेवजह जूम करते हैं पापाराजी', नोरा फतेही बोलीं- शायद उन्होंने कभी ऐसे हिप्स नहीं देखे




बॉलीवुड इंडस्ट्री में पापाराजी के साथ तालमेल बिठाना स्टार्स की जरूरत और मजबूरी दोनों बन चुका है। कई बार कलाकार फोटोग्राफर्स के रवैये से परेशान हो जाते हैं लेकिन मैनेज करना पड़ता है। कई बार कुछ एक्टर्स पैप्स पर गुस्सा करते भी नजर आए हैं। फीमेल एक्टर्स को किसी खास तरह का पोज देने के लिए निर्देश देना और उनके बॉडी पार्ट्स पर जूम करना भी एक अलग तरह की समस्या है। मृणाल ठाकुर, पलक तिवारी और तापसी पन्नू कई बार पापाराजी को लताड़ती नजर आई हैं। इस बीच अक्सर बोल्ड अंदाज में नजर आने वालीं नोरा फतेही पैप कल्चर पर खामोश रहीं। अब एक इंटरव्यू में इस पूरी सिचुएशन पर उन्होंने अपना रिएक्शन दिया है।

नोरा फतेही ने न्यूज18 के साथ बातचीत में कहा, 'मुझे लगता है कि उन्होंने इससे पहले ऐसा हिप्स नहीं देखे हैं। लगता तो ऐसा ही है। मीडिया ऐसा सिर्फ मेरे साथ नहीं बल्कि दूसरी फीमेल एक्टर्स के साथ भी करती है। वो आपके हिप्स पर जूम नहीं करते क्योंकि शायद वो करना इतना एक्साइटिंग नहीं है, लेकिन वो बाकी प्राइवेट पार्ट्स पर बेवजह जूम करते हैं।

## Highlights

1. **Naima Khatoon becomes 1st woman Vice Chancellor of AMU in 100 yrs**
2. **BJP Demands Justice for Neha Hiremath Amid Rising Violence**
3. **What is ethylene oxide found in samples of MDH & Everest spice mixes?**
4. **New Schengen Visa Rules Bring Good News For Indians**
5. **Surge in Indians travelling, spiritual trips in demand: MMT report**
6. **B'luru businessman invests in stocks for high returns, loses ₹5 cr**

# Sugar prices surge 4.5% in just two weeks. What's happening?



**NEW DEIHI, (Agency).** From here on, if you have a sweet tooth, be prepared to pay more to satiate it. The summer has not even set in, but the massive rise in temperatures above normal for this time of the year is making for ideal conditions boosting sugar prices by as much as 4.5% over the last two weeks. With the heat up, ice cream and beverages companies have increased their production causing demand for the commodity to rise significantly. And this is not restricted to any one part of the country, the trend is seen as being pan-India.

To these demand factors has been added another major one - Lok Sabha 2024 and other state elections, which are currently underway. With every part of the country mobilised for this massive event, the public demand for sweeteners has increased too.

The rise in sugar prices is happening despite the government having taken steps quite early to allocate a higher sales quota for sugar mills, the Economic Times reports. So, the allocation for February was 2.2 million tonnes and this was increased to 2.35 million tonnes and thereafter 2.5 million tonnes for March and April, 2024 respectively.


Earlier in the week, CNBC TV18 quoted Food Secretary Sanjeev Chopra as saying that sugarcane will continue to be diverted for ethanol - the government is planning to achieve 20% ethanol blending in fuel. He also stated that there is a 5.5% year-on-year inflation in sugar, but did not see any supply-side shocks. He also indicated that farmers are being paid on time.

# Renault Q1 sales rise 1.8%, helped by financing business

**NEW DEIHI, (Agency).** French car maker Renault said on Tuesday its first-quarter revenue grew 1.8%, with good performance in its financing business offsetting a drop in turnover in core automotive sales.

The group sold 549,099 units over the period, with revenue reaching 11.7 billion euros ($12.47 billion).

The revenue beat a company-provided consensus anticipating a slight drop versus a year earlier to 11.49 billion euros.



The global auto sector is bracing for a difficult year as demand for electric vehicles slows, adding another challenge to companies already battling fierce competition from China.

Sales volumes at Renault, maker of the Clio and Twingo, returned to growth last year after declining for four years in a row, but prices are under pressure due to weak global demand.

Leading EV maker Tesla is cutting prices in several key markets, piling more pressure on European firms.

Tesla cut the price of its Model 3 to $39,990 in Renault's home market, matching the starting price of the French firm's new EV Scenic, which has a lower level of battery autonomy.

# पंजाब की गैंग के बदमाश गिरफ्त में

## आरोपियों से पिस्टल, कट्टे और कारतूस बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने पंजाब की कुख्यात शुभम गैंग से जुड़े बदमाशों को पकड़ा है। आरोपियों के पास पिस्टल, कट्टे और कारतूस भी मिले हैं। आरोपी इंदौर में किसी वारदात को अंजाम देने के लिये रुके हुए थे। पकड़ाए आरोपियों के अमृतसर में कई आपराधिक रिकॉर्ड है। यह गैंग एक दूसरे के पिता की हत्या भी कर चुकी है।**

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया की टीम ने रश्मि उर्फ रिशु पिता जितेन्द्र अरोरा निवासी नेहरु नगर कालोनी भजिठा रोड अमृतसर पंजाब, शिवम उर्फ बबलू पिता हुकुमसिंह लक्ष्मी विहार हवेली के पास मुस्तफाकबाद बारला रोड अमृतसर पंजाब और पुनीत पिता सरदार हरजिंदरसिंह रामनगर कॉलोनी मुशहर कबा मजिठा रोड अमृतसर पंजाब को पकड़ा है।

आरोपी इंदौर के छोटी ग्वाल टोली इलाके की कावेरी होटल के रुम.नंबर 203 में ठहरे थे। आरोपियों के पास से 2 पिस्टल 2 देशी कट्टे और 3 जिंदा कारतूस जब्त किये हैं। आरोपी यहां किसी वारदात को अंजाम देने के लिए रुके हुए थे। गैंगस्टर शुभम अमृतसर की जेल में बंद है। कुछ साल पहले सन्नी गोरिला के भाई मनीष धवन उर्फ मनी की उसी की दुकान के बाहर गोलियां मारकर हत्या कर दी। नकाबपोश हमलावरों ने घटना को अंजाम देने के बाद बाइक पर बैठकर भंगड़ा भी किया।

हमलावरों ने सात फायर किए। इनमें से एक गोली मनी के सिर में लगी, जबकि पांच शरीर के अलग-अलग हिस्सों में जा धंसी थी। इस मामले में जेल में बंद गैंगस्टर शुभम समेत उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। जब पुलिस को जानकारी मिली थी कि मनी धवन जेल में बंद गैंगस्टर सन्नी उर्फ गोरिला का भाई है। गोरिला गैंगस्टर सिमरन का साथी है, जिसकी गैंगस्टर शुभम से दुश्मनी है।

**दोनों ने एक दूसरे के पिता की ली थी जान-** 2016 में शुभम ने सिमरन के पिता को मारा था। वहीं 2018 में सिमरन ने शुभम के पिता की हत्या कर दी थी। गैंगस्टर शुभम और सिमरन दोनों के बीच पिछले लंबे समय से दुश्मनी चली आ रही है। दोनों ने ही एक दूसरे के पिता को मारा था, तभी से ही रंजिश चली आ रही है। गैंगस्टर सिमरन के पिता मजीठा रोड पर ढाबा चलाते थे। 2016 वर्ष में शुभम ने अपने साथियों के साथ उसके पिता और नौकर की हत्या कर दी थी। इसके बाद सिमरन ने वर्ष 2018 में शुभम के पिता कालू हवलदार की गोलियां मारकर हत्या कर दी।

**हिंदूवादी नेता की थी हत्या-** तीन साल पहले हिंदू नेता विपिन शर्मा की भी इसी तरह शुभम ने की थी हत्या इसका मुख्य कारण सिमरन को पनाह देने की बात सामने आई थी। दोनों गैंग के अमृतसर में कई आपराधिक रिकार्ड है। इनकी गैंग से जुड़े कई लोग जेलों में बंद हैं। प्रदेश की सरकार ने गैंगवार के चलते इन्हें अलग अलग जेलों में रखा हुआ है।

# पुराने विवाद को लेकर, युवक का अपहरण कर बुरी तरह पीटा

## चार बेटों के साथ पिता ने वारदात को दिया अंजाम

### पिता और चार पुत्रों सहित 10 आरोपियों पर प्रकरण दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बड़गोण्डा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलिया में पुराने विवाद के चलते युवक संजय कोहली को ग्राम के ही बावन पिता गुलाब, कैलाश पिता बावन , आकाश पिता बावन लखन पिता कैलाश धर्मेंद्र पिता बावन ,,राकेश पिता बावन सहित 10 आरोपियों ने रात करीब 3 बजे अपहरण कर जंगल में ले जाकर हाथ पैर बांधकर मारपीट की।।

परिजनों ने बताया कि राकेश महू में किराए के मकान लेकर रहता है और माल के अंदर थिएटर में ऑपरेटिंग करता है. एक शादी में शामिल होने राकेश अपने गांव आया था और रात को महू वापिस लोट रहा था तभी रास्ते में पहले से घात लगाकर बैठे आरोपियों ने राकेश का अपहरण कर लिया यह देख राकेश के साथw जा रहे दोस्त ने मौके से भागकर राकेश के परिजनों को सूचना दी परिजनों ने तत्काल को 100 नम्बर डायल कर जानकारी दी एवं थाने बड़गोंदा पर फोन कर सूचना दी रात में पुलिस एवं परिजन जंगलों में युवक को ढूंढते रहे लेकिन आरोपी युवक को बुरी तरह मारपीट कर मरा समझ कर जंगल में छोड़कर भाग गए।

पुलिस एवं परिजनो ने मशक्कत के बाद युवक को गांव के घने जंगल में घायल अवस्था में ढूंढा। घायल युवक राकेश को परिजनों ने शासकीय अस्पताल भर्ती करवाया गया है.। जहा उसे रेफर कर दिया गया, परिजनों ने उसे गेटवेल में भर्ती कराया गया।बड़गोण्डा पुलिस ने इस पूरे प्रकरण में केस दर्ज कर लिया है।

## पिकनिक गए युवक की बामनिया कुंड में डूबने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। चार दोस्तों के साथ पर्यटन स्थल बामनिया कुंड गए युवक की डूबने से मौत हो गई है, जानकारी के अनुसार दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने बड़गोण्डा थाना क्षेत्र के मलेडी के पास बामनिया कुंड गए युवक की डूबने से मौत हो गई. उसे ग्रामीणों की मदद से ऊपर लाया गया जब तक उसकी मौत हो चुकी थी, मृतक का नाम माजीद पिता हनीफ निवासी हैदराबादी बस्ती उम्र 23 साल है. पुलिस मामले की जांच कर रही है

## यवती का पर्स ले उड़ा बदमाश

**इंदौर**। पलासिया इलाके में आयशर कंपनी की मैनेजर के साथ वारदात हो गई। वह एक कैफे में डिनर के लिये पहुंची थी। इस दौरान उन्होंने अपनी मोपेड पार्किंग में खड़ी की। जिसकी डिक्की का लॉक तोडक़र बदमाश ने पर्स चुरा लिया। पुलिस के मुताबिक घटना साकेत नगर ममता कैफे की है। स्नेहा पिता विजय द्विवेदी निवासी भंवरकुआ ने पुलिस को बताया कि वह आयशर मोटर पीथमपुर में मैनेजर है। वह अपने दोस्त के साथ कैफे में डिनर के लिए गई थी। यहां उसने स्कूटर पार्क किया और कैफे में चले गए। करीब एक घंटे बाद आए तो देखा की स्कूटर का सीट लॉक टूटा हुआ है। उसमें रखा लेडीज पर्स गायब है। पर्स में करीब 5 हजार रुपए और अलग-अलग बैंक के चार डेबिट तीन क्रेडिट कार्ड के साथ पैन कार्ड और कुछ अन्य डॉक्यूमेंट रखे थे। इसके बाद आसपास पर्स की तलाश की ओर थाने पहुंचकर मामले में केस दर्ज कराया है।

## बस ट्राले में घुसी, 19 यात्री घायल, 3 गंभीर

**इंदौर**। धार में मंगलवार सुबह 7 बजे एक बस ओवरटेक करते समय आगे जा रहे ट्राले में घुस गई। हादसा खलघाट पुल पर हुआ। सोलापुर (महाराष्ट्र) से इंदौर जा रही हंस ट्रैवल्स की बस में 50 से ज्यादा यात्री थे। 19 यात्री घायल हुए हैं। 3 की हालत गंभीर होने पर इंदौर रेफर किया गया है। हादसे में बस ड्राइवर का पैर कट गया। बस का अगला हिस्सा चपटा हो गया। ड्राइवर को रेस्क्यू करने में 1 घंटा लग गया।

## पिस्टल के साथ पकड़ाए दो युवक

**इंदौर**। परदेशीपुरा पुलिस ने पिस्टल के साथ दो आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से एक पिस्टल और चाकू बरामद किया है। उनसे हथियारों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। टीआई पंकज द्विवेदी के मुताबिक पुलिस ने मुकुल पुत्र सुनील चौधरी निवासी जनता क्वार्टर और आदित्य पुत्र आनंद कामले निवासी रुस्तम का बगीचा को पकड़ा है। आरोपी मुकुल के पास से पुलिस को एक देशी पिस्टल मिली है। जबकि आदित्य के पास से पुलिस को एक चाकू बरामद हुआ है। दोनों पर आम्र्स एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की गई है।

## दो स्थायी वारंटी धराए

**इंदौर**। समीपस्थ औद्योगिक नगरी पीथमपुर के सेक्टर एक थाना पुलिस को रात्रि गश्त के दौरान दो स्थायी वारंटी को पकडऩे में सफलता हाथ लगी है। दिनों ही आरोपी कई मुकदमों में धार न्यायलय से फरार घोषित किए गए थे और इन दोनों के खिलाफ स्थायी वारंट जारी किया हुआ था। पुलिस ने बताया कि सोमवार को गश्त के दौरान जय प्रकाश पिता बाकेलाल निवासी पीथमपुर और अनिल पिता विक्रम मीणा को उनके घर से दबिश देकर हिरासत में लिया गया है। दोनों ही आरोपियों पर कई मामलों में दर्ज है, जो पिछले कुछ दिनों से फरार थे। इन दोनों आरोपियों पर कई गंभीर मामले न्यायालय में लंबित हैं। दोनों गिरफ्तार आरोपियों को सोमवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## पत्नी से की मारपीट

**इंदौर**। राऊ इलाके में नशे में धुत पति ने घर में जाकर उत्पात मचाया और पत्नी की लात घूसों से पिटाई कर दी। पुलिस के मुताबिक पीड़ित राधा पति सतीश चौहान निवासी न्यू ब्रज विहार कालोनी की रिपोर्ट पर इनके पति सतीश के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी पति अकसर शराब के नशे में झगड़ा करता है। गत रात वह नशे की हालत में आया और गालियां दी। उसे मना किया तो मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक